# एप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम
## (AEDP)

# FAQs

(छात्रों द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न)

CRISP
Deliberate. Design. Deliver.
Centre for Research in Schemes and Policies

# FAQS

01

## यह कोर्स क्यों महत्वपूर्ण है?

यह कोर्स शिक्षा और इंडस्ट्री में "हैंड्स-ऑन" काम का अनुभव दोनों देता है। यह कोर्स आपको सक्षम बनाता है कि आपके पास स्किल्स और एक्सपीरियंस दोनों हों। यह Apprenticeship Embedded Degree Program (AEDP) आपको पढ़ाई के साथ-साथ इंडस्ट्री का एक्सपोजर भी देता है और स्टाइपेंड कमाने का मौका भी।

02

## इस कोर्स से मुझे क्या मिलेगा?

आपको इंडस्ट्री की मांग के अनुसार स्किल्स मिलेंगी जो जॉब मार्केट की मांग हैं। ये स्किल्स आपकी डिग्री के पाठ्यक्रम में मिलाई जाती हैं और इंडस्ट्री एप्रेंटिसशिप के साथ पूरी होती हैं। इस दौरान आपको स्टाइपेंड मिलेगा और आपके पास डिग्री के साथ अनुभव भी होगा।

03

## यह AEDP BA, BCom जैसे कोर्स से कैसे अलग है?

AEDP कोर्स में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर जोर दिया जाता है जबकि BA, BCom जैसे कोर्स में केवल अकादमिक पढ़ाई होती है। AEDP कोर्स आपको इंडस्ट्री के लिए तैयार करता है और आपको उच्च शिक्षा के लिए भी कई अवसर देता है।

04

## एप्रेंटिसशिप क्या है? क्या मुझे इस कोर्स में स्टाइपेंड मिलेगा?

एप्रेंटिसशिप का मतलब है कि आप किसी नियोक्ता के साथ काम का अनुबंध करते हैं। हां, इस कोर्स में आपको एप्रेंटिसशिप के दौरान स्टाइपेंड मिलेगा। इससे आपको इंडस्ट्री का अच्छा अनुभव मिलेगा और आपकी डिग्री की वैल्यू बढ़ेगी। अधिक जानकारी के लिए देखें:  https://naps-cdn.s3.ap-south-1.amazonaws.com/Apprenticeship_FAQs.pdf

05

## एप्रेंटिसशिप में मुझे कितना स्टाइपेंड मिलेगा?

स्टाइपेंड राज्य की न्यूनतम वेतन दर और इंडस्ट्री के प्रकार के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। औसतन, आप ₹7,000 से ₹8,000 के बीच कमा सकते हैं। AEDP में आपको सरकारी निगरानी में स्टाइपेंड मिलता है।

06

## एप्रेंटिसशिप के लिए मुझे कहाँ भेजा जाएगा?

एप्रेंटिसशिप के लिए जगह, कोर्स और इंडस्ट्री पार्टनरशिप पर निर्भर करती है। आपको शहरी क्षेत्रों या जहां इंडस्ट्री हैं वहां जाना पड़ सकता है। जो छात्र स्थानांतरित करने को तैयार हैं, वे अधिक लाभ उठा सकते हैं।

07

## क्या इस कोर्स को मान्यता प्राप्त है?

हां, AEDP कोर्स को UGC और विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त है। AEDPs का मूल्यांकन भी रेगुलर डिग्री कोर्सेस जैसे किया जाएगा और डिग्री प्रदान की जाएगी।

08

## एप्रेंटिसशिप पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा के क्या मौके हैं?

AEDP कोर्स आपको उच्च शिक्षाया रिसर्च के लिए अच्छी नींव देता है। इससे आप MBA, मास्टर्स आदि के लिए भी जा सकते हैं।

09

## क्या मैं पढ़ाई के लिए उसी कॉलेज में रहूंगा?

हां, आप पढ़ाई के लिए उसी कॉलेज में रहेंगे। एप्रेंटिसशिप के लिए ही आपको स्थानांतरित होना पड़ सकता है।

10

## अगर मुझे 6 महीने बाद कोर्स पसंद नहीं आता तो क्या होगा? क्या मैं नियमित कोर्स में जा सकता हूं?

कोर्स बदलने का प्रावधान कॉलेज पॉलिसी पर निर्भर करता है। इसके लिए आप अपने कॉलेज के सलाहकार से बात कर सकते हैं।

11

## एप्रेंटिसशिप के बाद नौकरी की गारंटी है?

अच्छे एप्रेंटिस को अक्सर तुरंत नौकरी मिल जाती है। कंपनियां अच्छे एप्रेंटिस को नहीं छोड़तीं।

12

## क्या कैंपस में प्लेसमेंट के लिए रिक्रूटमेंट होगा? नौकरी दिलाने में कौन मदद करेगा?

Sector Skill Councils (SSCs) एप्रेंटिसशिप लिंकज देते हैं और सफल समापन के बाद नौकरियों में मदद करते हैं। SSCs अपने पोर्टल्स पर नौकरी की जानकारी भी देते हैं, जहां आप आवेदन कर सकते हैं।

13

## एप्रेंटिसशिप के दौरान मिले अंक क्या मेरे अकादमिक रिकॉर्ड में जोड़े जाएंगे?

हां, आपके एप्रेंटिसशिप का प्रदर्शन आपके कुल अंक में जोड़ा जाएगा और इसका आकलन किया जाएगा। थेओरी और एप्रेंटिसशिप के मार्क्स दोनों साथ जोड़े जाएंगे।

14

## अगर मैं एप्रेंटिसशिप नहीं करना चाहता तो क्या होगा? क्या बिना एप्रेंटिसशिप के कोर्स पूरा किया जा सकता है?

एप्रेंटिसशिप AEDP कोर्स का अहम हिस्सा है। इसे पूरा करना जरूरी है। हालांकि, NEP 2020 के अनुसार आपके पास बीच में ही कोर्स छोड़ने का विकल्प भी है। हमारी सलाह है कि आप कोर्स पूरा करें ताकि आपको बेहतर अवसर मिलें।

## 15 अगर कोर्स में 10 या 15 से कम छात्र हैं तो क्या होगा?

यह कॉलेज की पॉलिसी पर निर्भर करता है। वे निकटवर्ती कॉलेज के साथ बैचेज़ को मिला सकते हैं।

## 16 क्या एप्रेंटिसशिप के लिए मुझे कोई अतिरिक्त शुल्क देना होगा?

सरकारी शुल्क के अलावा आपको सालाना ₹5,000 से ₹7,000 के बीच एक SSC शुल्क देना होगा।

## 17 राज्य सरकार कार्यक्रम के दौरान क्या समर्थन देगी?

राज्य सरकार कार्यक्रम की निगरानी करेगी, त्वरित विश्वविद्यालय अनुमोदन की सुविधा देगी और कॉलेजों को प्रेरित करेगी।

## 18 मुझे कार्यक्रम में कौन पढ़ाएगा?

कॉलेज के योग्य शिक्षकजो SSCs से प्रशिक्षण प्राप्तकरेंगे, वे AEDP पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंगसे पढ़ाने के लिए तैयारहोंगे।

## 19 एप्रेंटिसशिप का मूल्यांकन कौन करेगा? क्या यह आंतरिक या बाहरी मूल्यांकन होगा?

एप्रेंटिसशिप का मूल्यांकन आपके उद्योग के रिपोर्टिंग मैनेजर और SSC द्वारा किया जाएगा। आपके एप्रेंटिसशिप के मार्क्स कॉलेज के अकादमिक पर्यवेक्षक को भेजे जाएंगे।

20

## अगर मूल्यांकन बाहरी है, तो क्या प्रक्रिया में देरी होगी?

संस्थान समय पर मूल्यांकन सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं। उद्योग द्वारा एप्रेंटिसशिप का मूल्यांकन समय पर और तात्कालिक होता है।

21

## मेरी परीक्षाएं कब आयोजित की जाएंगी?

परीक्षा शेड्यूल आमतौर पर शैक्षणिक सेमेस्टर के साथ मिलाए जाते हैं। आपका कॉलेज आपको इसके बारे में बताएगा।

22

## CRISP क्या है और AEDPs में इसकी भूमिका क्या है?

CRISP, Centre for Research in Schemes and Policies, एक गैर-लाभकारी संगठन है जो पूरे देश में AEDPs के कार्यान्वयन का समन्वय करता है, गुणवत्ता, निरंतरता और विस्तार सुनिश्चित करता है।
अधिक जानकारी के लिए देखें: https://www.crispindia.net/)
AEDPs पर अधिक जानकारी के लिए देखें:
[https://www.crispindia.net/nishe.php)

23

## सेक्टर स्किल काउंसिल (SSC) क्या है और इसका क्या कार्य है?

सेक्टर स्किल काउंसिल (SSCs) उद्योग निकाय हैं जो कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा विनियमित हैं। वे पाठ्यक्रम विकसित करते हैं, शिक्षक प्रशिक्षण का समर्थन करते हैं, एप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट की सुविधा देते हैं और मूल्यांकन और प्लेसमेंट समर्थन प्रदान करते हैं।
अधिक जानकारी के लिए देखें: https://nsdcindia.org/sector-skill-councils)

24

## क्या मुझे यह AEDP कोर्स करना चाहिए?

**जी हां!**




# National Initiative for Skill Integrated Higher Education (NISHE)

## कोई और सवाल है? Please connect with us!

Ground Floor, TSIIC Zonal Office Building, Financial District,
Gachibowli, Nanakramguda, Hyderabad, Telangana – 500032
https://www.crispindia.net/
admin@crispindia.net

CRISP

Deliberate. Design. Deliver.

Centre for Research in Schemes and Policies